52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.3°c
अधिकतम 32.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:41 सूर्यास्त : 7:09 | वर्ष : 52/ अंक : 215 | रविवार, 04 अगस्त 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जीवन में कामयाब होने के लिए अच्छे मित्रों की जरूरत होती है परंतु ज्यादा कामयाब होने के लिए अच्छे शत्रुओं की जरूरत होती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी को रातभर आते हैं ईडी-सीबीआई के सपने : अनिल विज



बिना टिकट यात्री को... हर ठीक ठाक कपड़े पहनने वाला यात्री भी ... टीटीई ही मालूम पड़ता है.....

# अवैध ई रिक्शा व अतिक्रमण के खिलाफ अंकुर दुआ का बेमियादी धरना शुरू















- शहर में अवैध ई-रिक्शा तथा मुख्य बाजारों व चौराहों पर अतिक्रमण का विरोध
- अनिश्चितकालीन रहेगा धरना, कार्रवाई ना हुई तो बंद कराए जाएंगे शहर के बाजार
- तुलसी पार्क में तमाम व्यापारी व सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने दिया समर्थन









**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** नगर में ई रिक्शा के आतंक, अतिक्रमण, यातायात पुलिस द्वारा चालान के नाम पर अवैध वसूली, जाम, बिजली, पानी और अन्य समस्याओं को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम पांच अगस्त से दो दिन पूर्व ही बुलेटिन संपादक तथा भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने शिवचौक स्थित तुलसी पार्क पर धरना शुरू कर दिया। अकेले धरने पर बैठे अंकुर दुआ के समर्थन में नगर में तमाम व्यापारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोग जुटे। इस दौरान वहां पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्रा ने वहां पहुंचकर बताया कि अवैध ई रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है और 45 अवैध ई रिक्शाओं का चालान किया गया है। उन्होंने कहा कि वे जिले में एक भी अवैध ई रिक्शा नहीं चलने देंगे। इसके बावजूद अंकुर दुआ ने अपना धरना कार्रवाई पूर्ण होने तक जारी रखने का ऐलान किया।

नगर में बड़ी संख्या में अवैध रूप से चल रही ई रिक्शा, सड़कों पर ठेली वालों व दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण, शहर के तमाम व्यस्त चौराहों, बाजारों और गलियों में ई रिक्शाओं की बेतरतीब दौड़ और इसके चलते जाम के कारण होने वाली समस्या को लेकर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने एक माह पूर्व प्रशासन से अपील की थी कि इस संबंध में कार्रवाई करें, अन्यथा वे इसे लेकर पांच अगस्त से शिवचौक पर धरना देंगे। ऐसे में इस तरह के संकेत मिले की धरने को असफल करने के लिए कुछ साजिशें की जा रही हैं। ऐसे में एक दिन पूर्व ही अंकुर दुआ ने आज अचानक शिवचौक पर पहुंच कर धरने का ऐलान कर दिया। दोपहर करीब एक बजे शिवचौक पर शिवमूर्ति पर पूजा अर्चना के बाद अंकुर दुआ ने ऐलान किया कि तमाम परिस्थितियों को देखते हुए वे आज से ही अकेले धरने पर बैठ रहे हैं। इसके बाद वह तुलसी पार्क में तुलसीदास की प्रतिमा पर नमन करते हुए वहां पैडियों पर ही धरना देकर बैठ गए। इस दौरान बुलेटिन के फेसबुल लाइव से इसकी सूचना फैलते ही शहर के तमाम बाजारों से व्यापारी तथा अन्य संगठनों के लोग वहां पहुंचने लगे तथा थोड़ी ही देर बाद वहां सैंकड़ों की तादाद में लोग जुट गए। इसक बाद तो लोगों के आने व जाने का सिलसिला शुरू हो गया। तमाम लोगों ने इस धरने को शहर के व्यापक हित में बताते हुए इसका समर्थन किया। व्यापारी नेताओं ने ऐलान किया कि अगर प्रशासन इस संबंध में कार्रवाई नहीं करता है तो जरूरत पड़ी तो शहर के बाजार भी बंद किए जाएंगे। कड़क धूप के बीच लोग पहुंचते रहे। इसके बाद वहां बैठने के लिए दरी के साथ शामियाने और हवा व प्रकाश की व्यवस्था की गई। जैसे-जैसे धरना शुरू होने की बात शहर में फैली तो आसपास के बाजारों के व्यापारी वहां पहुंचना शुरू हो गए। गोल मार्केट ऐसोसिएशन, भगत सिंह रोड, मोल्लाहेड़ी मार्केट, नरजीत मार्केट, रुड़की रोड, मेरठ रोड के व्यापारियों के साथ गांधी कालोनी और नई मंडी से भी लोग धरने पर पहुंचना शुरू हो गए। तमाम व्यापारी संगठनों के नेताओं ने भी धरना स्थल पर पहुंच कर शहर की समस्याओं को लेकर शुरू किए गए बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के अभियान को शहर के व्यापक हित में बताते हुए कहा कि आज शहर के लोग जिस तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उसे देखते हुए जरूरी है कि शहर को जाम और अव्यवस्था से बचाना है तो अवैध ई रिक्शा तथा अतिक्रमण पर लगाम लगाना जरूरी है। सभी ने एक सुर में इस धरने का पूर्ण समर्थन करने और कंधे से कंधा मिलाकर अंकुर दुआ के साथ रहने का ऐलान किया।

## एक भी अवैध ई रिक्शा नहीं चलने दी जाएगी: एआरटीओ

### यातायात पुलिस ने की 45 ई रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई

### अंकुर दुआ ने पटका पहनाकर किया एआरटीओ का स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** आज धरने पर पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्रा ने ई रिक्शाओं की समस्या से सहमति जताते हुए कहा कि अंकुर दुआ द्वारा यह मामला उठाए जाने के बाद कांवड़ के चलते व्यस्तता रही। ऐसे में कल से ही यातायात पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है और 45 अवैध ई रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने छाती ठोंकते भरोसा दिलाया कि वे जिले में एक भी अवैध ई रिक्शा नहीं चलने देंगे। उनके इस ऐलान पर अंकुर दुआ ने रामनामी पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।धरने पर पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्रा ने कहा कि शहर में ई रिक्शा और अतिक्रमण की समस्या वास्तव में है। उन्होंने कहा कि बुलेटिन संपादक ने जब शुरू में यह मुद्दा उठाया था, तभी से इसे लेकर प्रशासन गंभीर है, लेकिन बीच में कांवड़ मेले के चलते व्यस्तता रही। कल कांवड़ मेला शुरू होते ही एसपी ट्रैफिक द्वारा अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत 45 ई रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह अभियान जारी रहेगा और शहर के साथ तमाम कस्बों में भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर में साढ़े हजार से अधिक वैध ई रिक्शाएं हैं। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा केवल चालक ही मालिक नहीं हैं। बहुत से लोगों ने बीस-बीस ई-रिक्शा खरीदकर किराए पर चला रखी हैं। उन्होंने कहा कि एक भी अवैध ई रिक्शा सड़क पर नहीं रहेगा, इसका वे आश्वासन देते हैं। एआरटीओ ने कहा कि इस अभियान में उन्हें लोगों के सहयोग की भी अपेक्षा है। कुछ लोगों द्वारा उठाए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि ई रिक्शा गैर पंजीकृत हो या चालक अनफिट हो, सब अवैध की श्रेणी में आता है।



## ना डरूंगा ना झुकुंगा, यहीं डंटूंगा: अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** आज धरने पर बुलेटिन संपादक तथा भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने कहा कि वे अपने लिए नहीं शहर की जनता के लिए धरने पर बैठे हैं। ई-रिक्शा, ठेलियों के अतिक्रमण और जाम से शहर के तमाम लोग खासतौर से बुजुर्ग और महिलाएं सभी परेशान हैं। ऐसे में अनेक बाद अखबार के माध्यम से यह समस्या उठाने पर किसी नेता या अधिकारी के कानों पर जूं नहीं रेंगी तो उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। वे चाहते हैं कि भगवान राम की तरह मर्यादा में रहते हुए यह आंदोलन चलाएं, लेकिन जरूरत पड़ी तो भगवान कृष्ण की तरह शस्त्र उठाने से भी नहीं चूकेंगे। शहर को बंद कराना पड़ा तो यह भी किया जाएगा।

अंकुर दुआ शिवचौक पर पूजा करते हुए रामनामी पटका पहनकर तुलसी पार्क पर धरना देने पहुंचे। वहां उन्होंने कई बार अपने संबोधन में कहा कि उन्हें नेता गिरी का कोई शोक नहीं है। यह धरना किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं हैं। वे कभी चुनाव लड़ने नहीं जा रहे। सत्ता हो या विपक्ष जो व्यक्ति उनकी बात से सहमत है वह यहां आए, पर कोई राजनीति यहां नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अनेक बार शहर में ई रिक्शा, अतिक्रमण और जाम की समस्याएं उन्होंने अखबार में उठाई हैं। सत्ता के नेता जब नीचे होते हैं तो कुछ कहते हैं और कुर्सी पर होते हैं तो उनकी दशा बदल जाती है। दस साल से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। शहर में भी भाजपा की चेयरमैन और ट्रिपल इंजन की सरकार है। इसके बावजूद शहर की समस्याओं पर कार्रवाई ना होना दुखद है। मोदी जी और योगी जी ने देश प्रदेश को बेहतर व्यवस्था देने का काम किया। आज अपराध पर अंकुश है। विकास की गति बढ़ी है। इसके बावजूद शासन के आदेशों के बावजूद प्रशासन तमाम मामलों में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सत्ता के नेता मौन साधे हैं। शहर में अवैध ई-रिक्शा और अतिक्रमण को लेकर यह अभियान शुरू किया गया था, लेकिन इसमें लोगों के सुाव पर तमाम दूसरी समस्याएं भी जुड़ती चली गईं। इनमें शहर में बिजली और पानी की समस्या, गड्ढेदार सड़कें, यातायात पुलिस द्वारा मनमाने चालान और अवैध वसूली कर लोगों का उत्पीड़न किया जाना शामिल है। शहर में करोड़ों की दुकानों के सामने पांच सौ की ठेली वाला खड़ा हो जाता है। ई रिक्शा पर तो कोई अंकुश नहीं है। शिवचौक समेत तमाम चौराहों और बस अड्डों पर इनका जमघट लगा रहता है। छोटे बच्चे और ऐसे लोग ई रिक्शा चला रहे हैं जिन्हें ठीक से दिखाई तक नहीं देता। सड़क पर आम आदमी और बुजुर्गों व महिलाओं का चलना दूभर हो गया है। दुकानदारों का रोजगार ठप है। प्रशासन गरीबी की बात कहते हुए कार्रवाई ना करने की बात कहता है। वे ऐसे लोगों को रोजगार दिलाने की गांरटी लेते हैं, लेकिन अवैध गतिविधियां नहीं चलने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के जिन लोगों को कार्रवाई का खतरा नहीं है वे आ सकते हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि किसी धमकी या कार्रवाई से वे डरने वाले नहीं हैं। नाम नामी पटके पर शहर के दो लोगों ने उन्हें फेस बुक पर धमकी दी लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि प्रशासन को जो कार्रवाई करनी है वह करे, लाठी खाने और जेल जाने के लिए भी वे तैयार हैं, लेकिन शहर की समस्याओं समाधान होने तक यह धरना जारी रहेगा और वे रात में भी तथा चौबीसों घंटे यहीं धरने पर रहेंगे।




## कोई नेता या अधिकारी नहीं जागा: अंकुर दुआ



***मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)। अंकुर दुआ ने इस बात पर रोष जताया कि एक माह पूर्व सूचना के बावजूद किसी नेता या अधिकारी ने कार्रवाई के बारे में कुछ नहीं किया। एक माह बाद एक मात्र एआरटओ का फोन आया और उन्होंने आज ही उनसे 11 अगस्त तक धरना स्थगित करने को कहा, लेकिन मैंने उनसे कह दिया कि अब धरना टलेगा नहीं और आज ही चौबीसों घंटे यह धरना चलेगा। सबसे पहले शिव मूर्ति संचालक मंडल के शिवचरण दास गर्ग ने उन्हें अपना समर्थन दिया।***

## पुलिस और एलआईयू में मची हलचल

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** अचानक धरने की सूचना पर आज एलआईयू और कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गए। सूचना पर पहुंचे कोतवाली के अधिकारियों ने धरने के बारे में जानकारी ली और उन्होंने धरना समाप्त करने के लिए अधिकारियों को भेजने की सूचना दी। एलआईयू और पुलिस के साथ प्रशासन में भी इस धरने को लेकर हलचल मची रही। पुलिस और एलआईयू धरने पर निगाह गड़ाए बैठी रही। शुरूआत में वहां कम लोग थे, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ने लगी तो पुलिस की परेशानी और बढ़ती चली गई।

## धरने को फेल करने की थी साजिश

**मुजफ्फरनगर।** अंकुर दुआ ने कहा कि यह धरना पांच अगस्त को शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्हें कुछ सूत्रों ने बताया कि इससे पहले ही उन्हें बुलेटिन कार्यालय में घेर कर धरना स्थल तक ना पहुंचने देने का षडयंत्र रचा जा रहा है। ऐसे में बजरंग बली की मूर्ति साथ लेकर उन्होंने आज ही धरना शुरू कर इस षडयंत्र का विफल करने का काम किया है।

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।।

(श्रीमद्भगवद्गीता, कर्मसंन्यासयोग—अध्याय ४ श्लोक ३९)

(जितेन्द्रिय, साधनपरायण और श्रद्धावान् मनुष्य ज्ञानको प्राप्त होता है तथा ज्ञानको प्राप्त होकर वह बिना विलम्बके-तत्काल ही भगवत्प्राप्तिरूप परम शान्तिको प्राप्त हो जाता है।)

गुणातीत कर्मयोगी तथा हमारे प्रेरणास्रोत
स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल



(102वीं वर्षगाँठ)

(04 अगस्त 1922 — 23 नवम्बर 2012)

आपके सिद्धान्त, नीति एवं पदचिह्न ही हमारे आदर्श हैं।

पुष्पांजलि समय — प्रातः 10:30 बजे

स्थान : एम0 जी0 पब्लिक स्कूल सरकुलर रोड़, मुज़फ़्फ़रनगर

कार्यक्रम के उपरान्त जल—पान की व्यवस्था है।

एम० जी० पब्लिक स्कूल,
एम० जी० वर्ल्ड विजन स्कूल
प्रधानाचार्या
एवं
शिक्षक मण्डल तथा छात्र-छात्राएँ

एम० जी० चैरिटेबल ट्रस्ट
के समस्त पदाधिकारी
एवं
समस्त मोगा परिवार

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1790: संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नव पारित टैरिफ अधिनियम ने अमेरिकी कटर कानून सेवा की स्थापना की जो एक सशस्त्र समुद्री कानून प्रवर्तन सेवा है। 1791: सिस्टोवा की संधि पर हस्ताक्षर किए गए, ओटोमन-हैब्सबर्ग युद्ध समाप्त हो गया। 1796: फ्रेंच क्रांतिकारी युद्ध - लोनाना की लड़ाई: नेपोलियन के तहत इटली की फ्रांसीसी सेना एक ऑस्ट्रियाई ब्रिगेड को कुचल दिया। 1796: फ्रांसीसी क्रांतिकारी युद्ध-इटली की फ्रांसीसी सेना ने नेपोलियन ने लोनाटो की लड़ाई में एक ऑस्ट्रियाई ब्रिगेड को कुचल दिया। 1862: अमेरिकी सरकार ने अपना पहला आय कर एकत्र करने का आदेश दिया। 1870: ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की। 1875: डेनमार्क के लेखक हैन्?स क्रिश्चियन एंडरसन का जन्?म हुआ था। वह बच्?चों के लिए खूबसूरत कहानियां लिखने के लिए प्रसिद्ध थे। 1886: कोलंबिया ने आज के दिन ही देश का संविधान पारित किया। 1914: इंग्लैंड ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। 1929:आज ही के दिन भारतीय सिनेमा के सबसे मशहूर पार्श्वगायक अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार खंडवा, मध्यप्रदेश में पैदा हुए थे। 1930: यूरोप के देश बेल्जियम में छोटे बच्चो की मजदूरी के लिए कानून बनाया गया। 1944: 15 वर्षीय यहूदी डायनर ऐनी फ्रैंक और उसके परिवार को एक नाजीस्तान गेस्टापो द्वारा एक एम्स्टर्डम गोदाम के सील-बंद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है 1947: जापान में सुप्रीमकोर्ट की स्थापना हुई। 1961: अमेरिका के पहले अश्वेत तथा 44वें राष्ट्रपति बराक हुसैन ओबामा का जन्म होनोलूलू, हवाई, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था। 1964: रहस्यमय तरीके से गायब होने के बाद अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ता माइकल श्वार्नर, एंड्रयू गुडमैन और जेम्स चेंनी मिसिसिपी में मृत पाए गए हैं। 1964: एक दूसरे अमेरिकी नेवी विध्वंसक (यूएसएस मैडॉक्स चित्र) को टोनकिन की खाड़ी में उत्तर वियतनामी बलों द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया था, जिससे कांग्रेस दक्षिण-पूर्वी एशिया में सैन्य बल के उपयोग को अधिकृत करती है। 1974: एक नव-फासीवादी समूह द्वारा रखा गया बम बोलोग्ना-फ्लोरेंस रेलवे पर रहते हुए फेरोर्वी डेलो स्टेटो की एक ट्रेन में विस्फोट हो गया। 1983: थॉमस संकर अपर वोल्टा के राष्ट्रपति बने। 1984: सैन्य तख्तापलट के जरिये रिपब्लिक ऑफ अपरवोल्टा में सत्ता में आने के एक साल बाद, राष्ट्रपति थॉमस सांकरा ने अपना नामो बुर्किना फासो (ध्वज चित्र) बदल दिया। 1991: ग्रीक क्रूज जहाज एमटीएस ओशनोस पर एक विस्फोट ने इसकी थाह को तोड़ दिया और यह दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तट से दूर चला गया, लेकिन सभी 571 जहाज पर बच गए।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 72500 | चांदी- | 85500 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 54130 |

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 04 अगस्त, 2024**

**मेष-** ग्रहस्थिति विपरीत, पारिवारिक समस्याओं के चलते निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, वाद-विवाद से तनाव, व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय, व्यय की अधिकता।

**वृषभ-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, विरोधी परास्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय, यात्रा से लाभ।

**मिथुन-** नवकार्यों की ओर रुझान, वाकद्दपटुता से संकल्पसिद्धि, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, मनोरंजन में रुचि, दूर या समीप के यात्रा का कार्यक्रम।

**कर्क-** कार्यों में संतोषजनक सफलता, धर्म-अध्यात्म में आस्था, घरेलू समस्या का निवारण संभव, सुसंदेश की प्राप्ति, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, मानसिक शान्ति।

**सिंह-** ग्रहस्थिति प्रतिकूल, कार्यों के प्रति उदासीनता, गुप्त चिंताओं से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, आर्थिक लेन-देन में जोखिम से हानि, बात-बात पर क्रोध की आशंका।

**कन्या-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु प्रयास सार्थक, धार्मिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि जागृत, मन प्रसन्न।

**तुला-** नूतन-पुरातन मित्रों से योजना की शुरूआत हेतु विचार विमर्श, विनियोजित धन का प्रतिफल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित, धर्म में आस्था।

**वृश्चिक-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, मन प्रसन्न, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु-** व्यापार में निराशा, दाम्पत्य जीवन में आपसी तनाव, आय में न्यूनता, एकाग्रता का अभाव, सामाजिक पक्ष से कष्टद, यात्रा में परेशानी, सुख शान्ति में कमी।

**मकर-** वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफलता की ओर, अभीष्ट कार्य में संतोषजनक सफलता, मेल-मिलाप की ओर रुझान, मानसिक-शारीरिक सुख।

**कुम्भ-** कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरूआत संव, पुराने विवाद के समापन होने से खुशी, मनोरथ की सिद्धि, मनोविनोद के अवसर सुलभ, हर्ष भी।

**मीन-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, रचनात्मक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि, परोपकार की ओर प्रवृत्ति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# मोदी ने आईसीएई प्रतिनिधियों से की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने की अपील

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को दुनिया का सबसे बड़ा किसान और उनका नेता बताते हुए शनिवार को कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) शामिल प्रतिनिधियों से गुजरात के केवड़िया के पास स्थित उनकी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को देखने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने यहां आयोजित आईसीएई के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आप कृषि जगत से जुड़े हुए लोग हैं, तो एक और जानकारी आपके सामने मुझे रखना, मेरा मन करता है। मुझे पता नहीं है, दुनिया में कहीं किसी किसान की ऐसी प्रतिमा होगी। मैं दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कृषि जगत के लोगों को जानकर खुशी होगी कि भारत में आजादी के आंदोलन में जिस महापुरुष ने किसान शक्ति को जागृत किया है, किसानों को आजादी के आदोलन की मुख्य धारा में जोड़ा, वे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा भारत में है। इसकी ऊचाई स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दोगुनी है। प्रधानमंत्री इस प्रतिमा की विशेषता बताते हुए कहा कि यह प्रतिमा एक किसान नेता की है। दूसरी विशेषता है कि यह है कि इस प्रतिमा को बनवाते समय छह लाख गांवों के किसानों से कहा गया था कि आप खेत में जिस लोहे के औजार का उपयोग करते हैं, उस औजार का टुकड़ा हमें दीजिए। छह लाख गांवों से खेतों में उपयोग किये गये लोहे के औजार को लाया गया, उसको पिघलाया गया और दुनिया के सबसे बड़े किसान नेता की प्रतिमा में उसका उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस देश के किसान पुत्र को इससे जितना बड़ा सम्मान मिला है, शायद विश्व में ऐसा कहीं हुआ होगा। मुझे पक्का विश्वास है कि आज यहां आप आए हैं, तो जरूर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा) को देखने के लिए आप आकर्षित होंगे। मैं एक बार फिर आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं!''

उल्लेखनीय है कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता एवं स्वतंत्र भारत के पहले उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा है। यह गुजरात में केवड़िया के पास स्थित है और इसकी ऊंचाई 185 मीटर है। इस प्रतिमा का अनावर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2018 में किया था।

## भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं छोटे किसान: मोदी



**नई दिल्ली, 03 अगस्त (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ''कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई)'' का उद्घाटन करते हुये ये बातें कहीं। यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। श्री मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 साल पहले जब आईसीएई की कॉन्फ्रेंस यहां हुई थी, तो भारत नया-नया आजाद हुआ था और देश की खाद्य सुरक्षा और भारत की कृषि ''दुनिया की चिंता का विषय था।'' आज भारत, अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है। आज भारत, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत अनाज, फल, सब्जियों, कपास, चीनी, चाय, जलीय मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 'एक वो समय था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा, दुनिया की चिंता का विषय था। एक आज का समय है, जब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है।' इसलिए, 'फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन' ( खाद्य प्रणाली का कायाकल्प) जैसे विषय पर चर्चा करने के लिए भारत के अनुभव बहुमूल्य हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ विशेषकर ग्लोबल साउथ को मिलना तय है। उद्घाटन सत्र को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि वैज्ञानिकों के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) के अध्यक्ष डॉक्टर मतीन कैम और नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने भी संबोधित किया।

## केदारनाथ में फंसे यात्रियों को निकालने का काम जारी

**रुद्रप्रयाग, 03 अगस्त (वार्ता)।** उत्तराखंड के केदार घाटी में बुधवार रात्रि को हुई अत्यधिक बारिश के कारण केदार घाटी में कई जगह रास्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार कार्य कर रहे हैं। अब तक कुल 7234 यात्रियों को हेलीकॉप्टर एवं मैनुअल तरीके से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। हर स्तर पर सभी लोगों के सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बचाव कार्यों में तेजी लाने हेतु वायु सेना का चिनूक एवं एमआई 17 विमान से भी यात्रियों को एयर लिफ्ट किया गया। वहीं मैनुअल रेस्क्यू भी लगातार जारी है। आपदा में मृतकों एवं गुमशुदा यात्रियों के संबंध में रुद्रप्रयाग प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि अभी तक दो मृतकों के शव बरामद हुए हैं। दोनों ही शव लिंचोली क्षेत्र से बरामद हुए हैं। किसी के गुमशुदा होने की कोई सूचना नहीं है। नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या के कारण यात्रियों को परिजनों से संपर्क करने में समस्या हो रही है।

## कांवडिए की मौत का मुकदमा हुआ दर्ज

**छपार, 03 अगस्त (बु.)।** कांवडिए की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दिल्ली के उत्तम नगर निवासी 27 वर्षीय जयदेव पुत्र रामसेवक हरिद्वार से गंगा जल लेकर दिल्ली जा रहा था। 28 जुलाई की रात्रि में जब वह रामपुर चौराहे के पास एक ढाबे के सामने पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। उक्त प्रकरण में मृतक के छोटे भाई ओम कुमार ने शनिवार में थाना छपार में अज्ञात वाहन के विरूद्ध दुघर्टना में मौत का केस दर्ज कराया गया।

## महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**मीरापुर, 03 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव बलीपुरा निवासी सविता पत्नी सागर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की दोपहर उसका पुत्र दिव्यांश घर के बाहर खेल रहा था। उसी समय मौहल्ले के कृष ने उसे बिना किसी बात के थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि जब सविता इसकी शिकायत करने कृष के घर पहुंची तो कृष, उसकी माँ मोनी व बहन शगुन ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी और बीच-बचाव में आई उसकी सास के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## खेत में लगे पेड़ उखाड़ने का आरोप

**मीरापुर, 03 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव सिकरेडा निवासी राहुल पुत्र खजान सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसने एक सप्ताह पहले अपने खेत मे यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। तीन दिन पहले गांव निवासी संदीप पुत्र मूलचंद ने उसके खेत में लगे 10 यूकेलिप्टस के पेड़ उखाड़कर अपने खेत मे लगा लिए। शनिवार को मामले की शिकायत करने उसके घर पहुंचा तो आरोप है कि संदीप व उसके परिजनों ने गाली गलौज कर उसे वहां से भगा दिया। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## खेत में चारा लेने गई किशोरी हुई लापता

**छपार, 03 अगस्त (बु.)।** तीन दिन पूर्व खेत पर चारा लेने गई किशोरी के लापता होने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। छपार थाना क्षेत्र के एक गांव की पंद्रह वर्षीय किशोरी एक अगस्त में सुबह जंगल में चारा लेने गई थी, लेकिन वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजनों की तलाश के बावजूद सुराग न लगने पर उसके पिता ने थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी में जांच शुरू की है।

### धरने पर प्रमुख लोगों का सम्बोधन...











### धरने पर प्रमुख लोगों का सम्बोधन...



# अटूट आस्था का केंद्र बना शाहपुर का सिद्धपीठ जुड्डी वाला शिव मंदिर

## 108 कलश द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद हुआ जलाभिषेक

**शाहपुर, 03 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ा के स्थित सिद्धपीठ जुड्डी वाला शिव मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से आकर भगवान शिव का जलाभिषेक करता है, उसकी मन्नत पूरी होती है। सावन के महीने में इस मंदिर में प्रतिदिन जलाभिषेक हेतु शिव भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वही मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रगति पर है। क्षेत्र के गांव पलड़ा के पूरब में गांव से आधा किलोमीटर दूर सिद्धपीठ जुड्डी वाला मंदिर स्थित है। यह सिद्धपीठ श्रद्धालुओं की अटूट आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। मंदिर समिति के रजत बंसल, राजीव गर्ग ने बताया कि यह सैंकड़ों वर्ष पुराना शिव मंदिर तीन गांव पलड़ा, पलड़ी व बसीकला का एकमात्र मंदिर था, जो तीनों गांव से आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसमें तीनों गांवों के श्रद्धालु आकर पूजा-अर्चना करते थे। तीनों गांव में मंदिर निर्माण होने के बावजूद भी इस सिद्धपीठ पर भी प्रतिदिन तीनों गांवों के श्रद्धालु आकर पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर के महंत कुक्कू दास ने बताया कि मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से सिद्धपीठ पर आकर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करता है, उसकी मन्नत पूरी होती है। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति का मन अशांत हो तो यदि वह मंदिर में आकर ओम नमः शिवाय का जाप करें तो उसे शांति मिलती है। मंदिर में बीच में शिवलिंग स्थापित होने के अलावा माता पार्वती, भगवान गणेश, नंदी व भगवान हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है। यह सिद्धपीठ तीनों गांवों के अलावा कस्बे के लोगों का भी आस्था का केंद्र है। मंदिर में चल रहा जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। मंदिर समिति के रजत बंसल, राजीव गर्ग आदि ने बताया कि मंदिर में पिछले चार माह से जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। मंदिर में पत्थर का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा एक बरामदा व दो कमरों का निर्माण कार्य कराया जा चुका है, जबकि एक बड़े हाल का निर्माण कार्य और कराया जा रहा है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि शिवरात्रि पर शाम आठ बजे शिव संध्या व रात्रि में महाआरती होने के बाद 108 कलशों से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक सिद्धपीठ मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया।

## अधेड़ ने घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

**बुढ़ाना, 03 अगस्त (बु.)।** एक महिला ने एसडीएम बुढाना को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका पति सब्जी मंडी में कार्य करता है। घर पर मुकेश नाम का एक अधेड़ व्यक्ति आया। तब वह घर पर अकेली ही थी। उसने फोन नम्बर दिया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी और अश्लील हरकतें करने लगा। तब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग इक्टठे हो गये तो आरोपी उन्हें देखकर भाग गया। उसके बाद जब उसके पति घर पर आए तो उनको सारी बात बताई तो वे मुझे लेकर आरोपी के घर गये तो आरोपी हमें देखकर फरार हो गया। बुढ़ाना एसडीएम ने बुढ़ाना पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।



## मिशन गगनयान में शामिल हैं लखनऊ के कैप्टन शुभांशु शुक्ला, पिता बोले-गर्व का क्षण




**लखनऊ, 3 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त मिशन 'गगनयान' के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में लखनऊ के रहने वाले कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। अभियान की शुरूआत हो चुकी है। इसके लिए चुने गए सभी अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। इस मौके पर शुभांशु शुक्ला के पिता शंभु दयाल शुक्ला ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। मैं सभी को मिशन की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं हमेशा ही शुभांशु की सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने बताया कि मैं चाहता था कि शुभांशु सेना में जाने के बजाय सिविल सेवाओं में जाए पर जब वायु सेना के लिए उसका चयन हो गया तो मैंने बिल्कुल भी उसका विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं उन पलों को कभी नहीं भूल सकता जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन के लिए शुभांशु के नाम की घोषणा की और उन्हें बैज दिया। मैं कभी भी नकारात्मक नहीं सोचता। जो भी होता है अच्छे के लिए ही होता है। इस मौके पर शुभांशु की मां ऊषा शुक्ला ने कहा कि शुभांशु बचपन से ही पढ़ने लिखने में बड़ा होशियार थे।

## देश को नकारात्मक सोच की ओर ले जाने की कोशिश कर रही कांग्रेस: सिंधिया

**ग्वालियर, 3 अगस्त (एजेंसी)।** राहुल गांधी पर तंज करते हुए सिंधिया ने कहा, आज कांग्रेस की स्थिति हो चुकी है, जो देश को बढ़ाने का काम नहीं बल्कि देश को नकारात्मक सोच और विचारधारा के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रही है। भाई-भाई के बीच झगड़ा तय करने की कोशिश कर रही है। हाल ही में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी उन पर छापेमारी की तैयारी कर रहा है। राहुल गांधी के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर कहा, जिन लोगों की भटकाने और झूठ बोलने की नीति है, वही ऐसे नकारात्मक स्टेटमेंट्स देते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जिन लोगों की भटकाने की नीति है, झूठ बोलने की नीति है, देश को विकास के पथ पर देखकर गौरव के बदले भी ईर्ष्या की भावना है।

# उप निदेशक कृषि ने किया श्रीराम कॉलेज का भ्रमण, कृषि कार्यों को देखा



**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के द्वारा कृषि क्षेत्र में किये जाने वाले अद्भुत कार्यों को देखने के लिए उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार यादव एवं पूर्व कृषि विकास अधिकारी अरविन्द कुमार शर्मा के द्वारा भ्रमण किया गया।

उप निदेशक जिला कृषि विभाग, संतोष यादव ने बताया की श्रीराम कॉलेज में अलग-अलग किस्म के काफी संख्या में पौधे देखने को मिले हैं, जो उत्तरी भारत के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में देखने को नहीं मिलते हैं। श्री राम कॉलेज में वर्मीकम्पोस्टिंग यूनिट, डेरी फार्म, ओपन एरिया नर्सरी, ग्रीन हाउस फार्मिंग, क्लाइमेट कंट्रोल पॉलीहाउस, ब्लैक नेट पॉली हाउस एवं प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन के सभी माध्यम श्री राम कॉलेज में देखने को मिले हैं। उन्होंने बताया कि यदि जिले के किसान एवं कृषि में रूचि लेने वाले युवा वर्ग श्रीराम कॉलेज में प्रशिक्षण या भ्रमण करते हैं तो वे इससे प्रभावित होकर अपना कार्य कर सकते हैं, जिससे उनके व्यवसाय में काफी हद तक आमदनी हो सकेगी। पूर्व कृषि विकास अधिकारी अरविन्द कुमार शर्मा ने बताया की मुजफ्फरनगर एवं आसपास के सभी क्षेत्रों के लिए यह विजिटिंग एवं ज्ञान वर्धक स्थान है तथा यहाँ के कृषि विद्यार्थी एवं अध्यापक काफी मेहनत के साथ कार्य करते हैं। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के कोषाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने आभार व्यक्त किया। भ्रमण के समय श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. नईम, संदीप, बृजेश, मोनू तथा विद्यार्थी राहुल देव, राहुल शर्मा, आदित्य एवं अंकित आदि मौजूद रहे।

## भरतनाट्यम डांसर यामिनी कृष्णमूर्ति का हुआ निधन



**नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसी)।** अनुभवी भरतनाट्यम डांसर यामिनी कृष्णमूर्ति ने 84 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। कृष्णमूर्ति ने 3 अगस्त, शनिवार को अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली। कृष्णमूर्ति के निधन का कारण उम्र संबंधी समस्याएं बनीं। कृष्णमूर्ति के मैनेजर और सचिव गणेश ने इस दुखद खबर पुष्टी की है। इस खबर ने प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया है और वह कृष्णमूर्ति को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कृष्णमूर्ति के मैनेजर और सचिव गणेश ने पीटीआई को बताया, 'वह उम्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित थीं और पिछले सात महीने से आईसीयू में थीं।' कृष्णमूर्ति का पार्थिव शरीर रविवार सुबह 9 बजे उनके संस्थान 'यामिनी स्कूल ऑफ डांस' में लाया जाएगा, जहां लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। उनके अंतिम संस्कार के विवरण को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। कृष्णमूर्ति के परिवार में दो बहनें हैं।

# वर्ल्ड विजन में राष्ट्रीय बॉब वंडर किड व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल के प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय बॉब वंडर किड प्रतियोगिता के साथ ही निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने कहा कि निबंध लेखन प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की भाषा क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि उन्हें अपनी सोच को सटीक तरीके से व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों में विचारों को बड़े ही रोचक और विचारशील तरीके से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विजडम क्लब के सदस्यों द्वारा कराया गया। सीनियर अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति ''शाहपुर बिग बाजार'' पुराना खसरा नं0-488 रकबई 3-1-0 पुख्ता स्थित ग्राम पलड़ी, परगना शिकारपुर, तहसील बुढ़ाना, जिला-मुजफ्फरनगर का 1/4 भाग, जिसका वर्तमान खसरा नं0-1071 व 1072 है, जिसकी मालिक व काबिज शपथकर्ता श्रीमती सपना सिंघल पत्नी विवेक सिंघल निवासी 189/3/4-दक्षिणी सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर बजरिये पंजीकृत विक्रय पत्र 01/07/2006 है। इस सम्पत्ति से श्रीमती शालू उर्फ शालू गोयल पुत्री स्व0 श्री रेवती नन्दन का कोई मतलब वास्ता नहीं है। इस सम्पत्ति की बाबत माननीय सिविल जज जूनियर डिविजन मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या-309 सन-2024 सपना बनाम शालू में दिनांक-31/07/2024 को श्रीमती शालू उर्फ शालू गोयल पुत्री स्व0 श्री रेवती नन्दन को उक्त सम्पत्ति में सपना सिंघल पत्नी श्री विवेक सिंघल के कब्जे व दखल में हस्तक्षेप करने तथा निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने तथा तीसरे पक्ष के अधिकार सर्जित करने से निषेध किया गया है।
अतः जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय के आदेश की अवमानना के दोषी श्रीमती शालू के बहकावे में आकर न बनें।

सपना सिंघल पत्नी श्री विवेक सिंघल
निवासी 189/3/4-दक्षिणी सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव बाबरा गलत संगत व गलत आचरण में पड़ गया है। मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र गौरव बाबरा को अपनी चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। यदि भविष्य में मेरा पुत्र गौरव बाबरा कोई भी अच्छा बुरा कार्य अथवा किसी से कोई लेन-देन करता है, तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

धर्मपाल सिंह पुत्र भोपाल सिंह
निवासी ग्राम- हाजीपुर मजरा खेड़ा
चौगांवा, तहसील जानसठ
जिला-मुजफ्फरनगर





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

# दरिंदगी पर घटिया दर्जे की सियासत

अयोध्या के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में 12 साल की बच्ची से रेप की घटना हुई थी। आरोपियों ने बच्ची का अश्लील वीडियो बना लिया। फिर लंबे समय तक उसे ब्लैकमेल करके घिनौनी हरकत करते रहे। इस मामले का खुलासा 29 जुलाई को तब हुआ, जब पीड़ित बच्ची 2 महीने की गर्भवती हो गई। बच्ची की मां ने मोइन खान और उनके नौकर के खिलाफ एप्लिकेशन दी। आरोप है कि पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके बाद विहिप, बजरंग दल के साथ निषाद पार्टी के लोगों ने इस मामले पर आक्रोश जताया तो पुलिस ने मोइन खान और उसके नौकर को गिरफ्तार किया। अब इस दरिंदगी पर घटिया दर्जे की सियासत हो रही है, यह बच्ची के साथ हुई दरिंदगी से भी बदतर है। उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल, पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने बच्ची का हाल-चाल जाना। कहा, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना से सपा का चरित्र सामने आया। दोनों आरोपी सांसद अवधेश प्रसाद के करीबी हैं। उनके साथ फोटो वायरल हो रही है। पीड़िता की मदद सरकार और बाल अधिकार संरक्षण आयोग करेगी। ऐसे घिनौने कृत्य को सरकार माफ नहीं करेगी। कमाल यह है कि जरा-जरा सी बात पर चिल्लम-चिल्ली करने वाले नेता इस घटना पर खामोश हैं। अयोध्या में गैंगरेप के आरोपी सपा नेता मोइन खान के खिलाफ योगी सरकार ने मोर्चा खोल दिया है। सपा नेता की कई अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई करने के साथ ही उसकी बेकरी पर भी योगी प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। प्रशासन का कहना है कि अभी आरोपी की अन्य अवैध चल-अचल संपत्ति के खिलाफ भी एक्शन होगा। आरोपी को सपा के फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी बताया जाता है, अवधेश प्रसाद आरोपी की वकालत भी कर रहे हैं। अवधेश प्रसाद बुलडोजर एक्शन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की नीयत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अवधेश प्रसाद ने पूछा है कि आखिर सीएम योगी की मुस्लिम और यादवों से क्या दुश्मनी है? सीएम योगी के आदेश पर अयोध्या प्रशासन ने नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी पर बुलडोजर चला कर उसे जमीदोंज कर दिया है और कई तरह की अवैध संपत्तियों को भी जब्त कर लिया है। इस पर जब फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद से बात की गई, तो उन्होंने सीएम योगी ही को लपेट लिया। सपा सांसद ने कहा कि मुख्यमन्त्री की यह बहुत पुरानी विचारधारा है और हम नहीं बता सकते कि मुसलमानों, यादवों से उनकी क्या दुश्मनी है। अयोध्या के लोगों ने सांसद के बयान की निन्दा की है, ज्यादातर लोगों ने कहा है कि ऐसे मामले में घटिया सियासत करना अच्छा नहीं है। लखनऊ में योगी ने सीएम आवास पर बच्ची की मां से मुलाकात की, पूरा घटनाक्रम पूछा। बच्ची की हालत के बारे में जाना। इसके 5 घंटे के अंदर पूरा कलंदर थाना प्रभारी रतन शर्मा और चौकी इंचार्ज भदरसा अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया। बच्ची अभी अयोध्या के महिला अस्पताल में भर्ती है। बीकापुर के भाजपा विधायक अमित सिंह पीड़ित की मां को लेकर लखनऊ आए थे। सीएम योगी ने विधानसभा में इस घटना का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, अयोध्या में पिछड़ी जाति की बच्ची से रेप हुआ है। आरोपी सपा का है। वो सपा सांसद अवधेश प्रसाद के साथ उठता-बैठता, खाता-चलता है, लेकिन पार्टी के नेताओं के मुंह में दही जमा है। सपा ने उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। सीएम से मुलाकात के बाद गैंगरेप पीड़िता की मां ने मीडिया से बात की। कहा, आज सीएम योगी ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे। सीएम से हमने आरोपियों के लिए फांसी की संजा की मांग की। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक्स पर लिखा, सेक्यूलरिज्म के 'सूरमाओं' तुम राम मंदिर तो नहीं जाओगे, मगर एक बार 12 साल की उस 'बच्ची' से मिलने 'अयोध्या' तो चले जाओ, जिसके साथ 'गैंग-रेप' तुम्हारी पार्टी के नेता ही ने किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा, रेप की घटना में सपा का पदाधिकारी शामिल है। इस मसअले पर वहां के सांसद और अखिलेश यादव अलग ही राग अलाप रहे हैं। सपा हमेशा इस तरह के अराजकतत्वों के साथ खड़ी रही है। सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी, जो नजीर बन सके। अखिलेश यादव ने दुष्कर्म और रेप जैसी घटनाओं में डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ देने की मांग की है। उन्होंने जौनपुर में एक लड़की से हुए रेप की घटना का जिक्र करते हुए दोषियों को सजा देने की मांग की और कहा कि अगर आरोप झूठे साबित होते हैं, तो उस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। अखिलेश यादव ने लिखा, कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए। लेकिन, अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों, तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। अखिलेश यादव के इस बयान पर कई यूजर भी ट्वीट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि चलो डीएनए की बात करके ही सही, अखिलेश ने इस मामले पर चुप्पी तो तोड़ी नहीं, तो वो अपने दोस्त राहुल की जाति पूछे जाने के सदमे ही से नहीं निकल पा रहे थे। इस पर एक अन्य यूजर ने लिखा कि अब उन्हें नया गम यह मिल गया कि उनके दोस्त राहुल ने रात को एक बजे के बाद एक्स पर लिख दिया कि उनके यहां ईडी-सीबीआई की रेड पड़ने वाली है। एक्स पर इन दिनों जहाँ घटिया दर्जे की सियासत चलती है, वहीं अच्छे दर्जे के तंज भी चलते हैं। लोग नेताओं की क्लास लगाते ही रहते हैं, लेकिन नेता भी अपने-अपने स्वभाव से अपनी-अपनी राजनीति करते ही रहते हैं। यह मामला इतना संगीन है कि जिन नेताओं के सीने में दिल है, उनकी आँखें भर आईं। संजय निषाद जब रेप पीड़िता से मुलाकात कर मीडिया के सामने आए तो वह रोने लगे। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव का पीडीए झूठा है। हम निषाद समाज का नेतृत्व करते हैं। निषाद अतिपिछड़ा है और अनुसूचित भी है। महिला हमारे यहां पूजनीय है, जबकि उसके साथ अत्याचार हुआ है। ये पीडीए का नारा देने वाले और अयोध्या में जीत के बाद पीठ थप-थपाने वाले, लगता है, इन्हीं अपराधियों के सहारे इनकी जीत हुई है।

## चार तीर

सुनील उत्सव

"कुर्सी" "नगर" "समस्या" "दस्तक"

वो सोये हैं जो कुर्सी पर, जगाने उनको आये हैं।
नगर को ठीक रखना है, बताने उनको आये हैं।।
समस्या जिनके कारण है,वो दरवाजे के भीतर हैं,
उन्हें दस्तक तो दे दी है,बुलाने उनको आये हैं।





# धरने पर इन लोगों ने उपस्थित होकर दिया अभियान को समर्थन

रमेश साईं, मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वामी पूजा दुआ, मेनका बाटला, विशाल जलोत्रा, मधु जलोत्रा, रवीना जलोत्रा, मोहन आहुजा, सुनीता आहुजा, सौरभ आहुजा, वृंदा आहुजा, गोपाल कृष्ण बत्रा, पूजा बत्रा, मेनका बाटला, बिट्टू अरोरा, अज्जू अरोरा, अशोक बाटला, गोपाल मित्तल, प्रमोद टांक, दीपक नारंग, सुधीर चंचल, राजीव बंसल, संजय, अनिल तायल, करण बाटला, अंनत गुपता, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, डॉ. सतीश मित्तल, डॉ. विकास सिंघल, मधेश बाटला, दिनेश नमकीन, राजेश अरोरा, अमरकांत गुप्ता एड, शिवकुमार, सतीश शर्मा, अजय पंवार, अतर सिंह बालियान, नरेन्द्र अरोरा, पवन वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, गांधी टैंट हाउस से पंकज कुमार जैन, सुरेन्द्र अग्रवाल, रत्नदीप ज्वैलर्स, संजय अरोरा, अनिल नामदेव, राकेश कंसल, निशांक जैन, अनिल सोबती, स. सुखदर्शन सिह बेदी अध्यक्ष पंजाबी समाज, विनोद डाबर उपाध्यक्ष पंजाबी समाज, कुलभूषण बजाज उपकोषाध्यक्ष पजाबी समाज, कीर्ति भूषण अग्रवाल, विपुल भटनागर, संजीव संगम, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, शिशुकान्त गर्ग, राकेश त्यागी, स. बलविन्दर सिंह सल्ल, रवि वर्मा, हर्ष उत्तरेजा, अनिल छाबड़ा, दीपक छाबड़ा, फिरोज शेख, लवीश रहेजा, नितीश ऐरन, राजेन्द्र अरोरा, तरुण मित्तल, सुधीर भगत, हर्ष आहुजा, किरणपाल, भारत कटारिया, आदिल आजम, निहार रंजन, बृजकुमार गर्ग, योगी, अभिषेक शर्मा, भगवानदास कटारिया, दिनेश भगत, राशिद अहमद, आशीष सिंघल, ओमी छाबड़ा, गौरव मित्तल, सुरेश कुमार छाबड़ा, भंवर लाल पालीवाल, मुस्तकीम, शाहिद अहमद, भानू प्रताप, प्रवीण खेड़ा, प्रवीण जैन चीनू, जसप्रीत सिंह, आनंद कुमार, आकाश दीप अरोरा, आशीष बजाज, प्रदीप कुमार, अमित अरोरा, पंकज गिरधर, नरेश अरोरा, यश कपूर, विजय कुमार त्यागी, मोहित चौधरी, सुरेश, पं. धीरज शुक्ला, कमलेश तिवारी, पंकज ग्रोवर, गोपाल वर्मा, हेमंत कुमार, कमल नारायण, सुनील सिंघल, विवेक राज चुग्घ, दीपक वर्मा, विपिन गुप्ता, दीपक, जनार्दन विश्वकर्मा, शलभ गुप्ता, विजय बाटा, अशोक जैन, गुलाब सिंह, रवि कुमार, भवानी राम, हनी शेखों, जसप्रीत सिंह, हनी नागपाल, आकाश दीप सिंह, ब्रिजेश कुमार, प्रवीण, सत्यम, उमादत्त शर्मा, मा. विजय सिंह, हिमांशु गोयल, जगदीश प्रसाद, प्रेम प्रकाश अरोरा, राजकुमार, धीर सिंह, गुड्डू, प्रदीप कुमार, प्रकाश चंद सेठी शाखा प्रबधक नेशनल इंश्योरेंस, त्रिलोचन सिंह गंभीर अध्यक्ष इलेक्टॉनिक्स एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर, प्रमोद कुमार, अभय वर्मा, सुनील वर्मा अध्यक्ष सर्व धर्म जनसेवा समिति, नरेश कुमार, जगदीश अरोरा, राजेश जुनेजा कैमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष व्यापारियों की आवाज व्यापार मण्डल, मुकुल कुमार गोयल महामंत्री सेवा समर्पण वैलफेयर ट्रस्ट, विशाल वाधवा, अभिजीत सिंह गंभीर, अभिनव बत्रा, जुगनू वर्मा, राजीव लाला, अभिषेक मित्तल, नरेश अरोरा, राकेश कंसल, सत्यप्रकाश मित्तल, अनंत गुप्ता, विशाल भारत गैस, योगेश शर्मा, अजय अरोरा, विक्रान्त गर्ग, अमित मित्तल, राजीव मित्तल, रामकुमार वर्मा, राखी मित्तल, अनिल कुमार, मुर्सलीन, मोहन लाल गर्ग, अजय मित्तल, संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा, लवी गोयल, सुनील चावला, अनमोल चावला, पिंकी ाम्ब एसडी मार्किट, राजेन्द्र वर्मा, अनुराग वर्मा, मयंक पोपली, अमित अरोरा, उमा कान्त तायल, राहुल फुटेला, चौ. सत्यवीर मलिक, रमेश कैस्टो, ओमकार मित्तल, प्रदीप कुमार, लोकेन्द्र कुमार, शुभम, सरिता अरोरा शर्मा, प्रवीण जैन, आनन्द पाल, विपिन संगल, विक्की चावला, नदीम अंसारी, सोनू भाटिया, संजय अरोरा, विजय प्रताप सिंह, राजकुमार गोयल, जसबीर सिंह, राजकुमार, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमडीए की 54वीं बोर्ड बैठक में उठा अवैध पार्किंग का मुद्दा

## - खतौली एक्सईएन को लगाई फटकार, मांगा स्पष्टीकरण, कांवड़ मार्ग सीसीटीवी कैमरे व अन्य व्यवस्था के लिए पुलिस को 25 लाख देगा एमडीए

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** एमडीए बोर्ड बैठक में विभागीय अफसरों की लापरवाही को लेकर कमिश्नर खफा नजर आए और एक्सईएन को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। इसके साथ संचालित होटल व व्यवसायिक भवनों के नक्शे के अनुसार निर्माण को लेकर उन्होंने नक्शा पास होने के साथ ही विभागीय अधिकारी भौतिक सत्यापन अवश्य करेंगे। बैठक में महायोजना 2021 और 2031 के मास्टर प्लान के लिए बिन्दुवार चर्चा करने के साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। एमडीए सभागार में शनिवार को 54वीं बोर्ड बैठक में आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद का यहां पहुंचने पर एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीणा ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में बिन्दुवार प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उनको पारित किया। बैठक में खतौली में एसबीएम व अमन रोलिंग मिल सहित अन्य व्यवसायिक निर्माण के लिए एमडीए से पारित नक्शों के प्रस्तावों पर चर्चा में खतौली एक्सईएन निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में कोई जवाब नहीं दे पाये। मंडलायुक्त ने उनसे पूछा कि नक्शा पास होने के बाद निर्माण पर निगरानी पर भौतिक सत्यापन किया, तो उन्होंने इंकार कर दिया, जिसे लेकर कमिश्नर ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि नक्शा पास होने के बाद एमडीए का दायित्व है कि उनकी पूरी निगरानी इसलिए की जाये कि नक्शे के अनुसार ही निर्माण हो रहा है या नहीं, निर्माण पूर्ण होने पर अवैध निर्माण बताकर भवनों को सील किये जोन की परम्परा को छोड़ने की हिदायत देते हुए निर्देश दिये कि एक्सईएन खतौली को नोटिस जारी करते हुए लापरवाही पर स्पष्टीकरण मांगा जाये। वहीं सरकूलर रोड स्थित होटल के अवैध निर्माण व सड़क पर की पार्किंग का मुद्दा बोर्ड बैठक में उठाया गया। इसमें डीम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने खुद अवैध पार्किंग को लेकर कार्यवाही नहीं करने पर नाराजगी जताई। उपाध्यक्ष कविता मीणा ने बताया कि होटल का नाले पर किया कब्जा तो जेसीबी से हटवाया गया है, लेकिन अवैध पार्किंग को लेकर अभी कार्यवाही की जा रही है। सड़क पर पार्किंग नहीं करने दी जायेगी। इसके साथ कांवड़ यात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरे व अन्य व्यवस्था के बजट पर बताया कि तीन माह के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था पर दस लाख रुपये का भुगतान करना पड़ा है। ऐसे में निर्णय हुआ कि एमडीए अब पुलिस विभाग को कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे और उनके सर्विलांस के लिए एकमुश्त 25 लाख रुपये का बजट देगा, इसमें पुलिस ही अपने स्तर से कांवड़ मार्ग पर जरुरत के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कार्यवाही करेगा। मुजफ्फरनगर में 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ऑडीटोरियम के निर्माण को ओपन टैंडर करने, 29 करोड़ रुपये लागत से भूमि अधिग्रहण करते हुए एटूजेड रोड के पास 25 मीटर चौडा मार्ग विकसित करने व 1996 से दैनिक वेतन भोगी के रूप में एमडीए में कार्य कर रहे 16 कर्मियों को मानदेय में छठे वेतन आयोग का लाभ दिलाने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही महायोजना 2021 और 2031 के मास्टर प्लान को लेकर शासकीय निकाय की बैठक से आये प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिये गये।

बैठक में मुख्य रूप से पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, जल निगम एक्सईएन अबु जैद, बोर्ड सदस्य शरद शर्मा, श्रीमोहन तायल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आवश्यकता है

एक दुकान पर कार्य हेतु लड़के की, जो कम्प्यूटर से बिल बना सके व सेल्समैनशिप का कार्य कर सके।

सम्पर्क करें:-
गुप्ता मार्बल एंड पेंट हाउस
37- बी, नई मंडी, मुजफ्फरनगर
मो.9897332511, 9319320040

# तेरह दिनों बाद पटरी पर लौटी व्यवस्था, दिनभर दौड़ा शहर

## - बच्चों की किलकारी से फिर से आबाद हुए अधिकांश स्कूल - बाजारों में रौनक लौटने के साथ कई क्षेत्रों में लगा जाम

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** समूचे उत्तर भारत के बड़े एवं लगातार दस दिनों तक जारी रहने वाले धार्मिक कांवड़ यात्रा मेले की शिवरात्रि पर जलाभिषेक के साथ निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस बीच शनिवार से पूर्व में किए गए रूट डायवर्जन व हाईवे से लेकर शहर की सड़कों पर बने वनवे को फिर से खोले जाने के बाद जनपद से नगर मुख्यालय तक जनजीवन सामान्य होने के साथ कारोबार पटरी पर लौट आया है। शनिवार को कांवड़ यात्रा के संपन्न हो जाने के बाद पहले दिन बाजारों में रौनक, चहल पहल व तमाम कारोबार पटरी पर लौट आने के साथ दिन निकलते ही स्कूलों में जाने को बच्चों की गाड़ियों व ई-रिक्शा के होर्न की आवाज के साथ कूकर की सिट्टी ने नई उम्मीदों और हौंसलों को ऊड़ान भरने का काम किया। इस कड़ी में जहां एक ओर तमाम गैस गोदामों में खाली सिलेन्डरों के भरने का क्रम शुरू हो गया। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में कामकाज फिर से शुरू हो गया। इतना ही नहीं दिल्ली-देहरादून हाईवे, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे सहित शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की इस बीच भागमभाग फिर से शुरू हो गई। ऐसे हालातों में कई जगहों पर जाम की स्थिति भी बन गई। बोल-बम, बम-बम के जारी जयघोषों के बीच शनिवार को जनपद में कांवड़ यात्रा मेले का शोर थम गया। इस दौरान शनिवार को नगर मुख्यालय से हाईवे की सड़कों तक दिनभर वाहनों के दौड़ने का क्रम जारी रहा। वहीं इस बीच बाजारों में करीब तेरह दिनों के बाद बैरिकेडिंग हट जाने के साथ एक ओर से दूसरी ओर नगर क्षेत्र में लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसके साथ ही स्कूल-कॉलेजों में फिर से रौनक लौटने के साथ घरों से स्कूलों तक छोटे बच्चों की इस बीच किलकारी ने दो सप्ताह तक पसरे सन्नाटे को तोड़ने का काम किया। वहीं बाजारों में गांव-देहात के साथ नगर के लोगों ने पहुंच कर अपनी जरुरत के सामानों की खरीदारी की। शनिवार को नगर के मुख्य बाजारों में आने वाली हरियाली तीज की खरीदारी का क्रम भी शुरू हो गया, जिससे दुकानदारों के चेहरों पर कई दिनों के बाद रौनक लौट आई। इस बीच नगर के मुख्य चौराहों व बाजारों में कई स्थानों पर जाम की स्थिति दिखाई दी। बता दें, जनपद में कांवड़ यात्रा मेले की शुरूआत बीते 22 जुलाई से हो गई थी। वहीं हाईवे व शहर के मुख्य मार्गो को 26 जुलाई की रात्रि से रूट डायवर्जन के साथ ही वनवे कर दिया गया था। इस दौरान हाईवे पर जहां यातायात को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। शुक्रवार देर रात से भारी वाहनों का संचालन हाईवे पर फिर से शुरू हो जाने के साथ ही शनिवार की सुबह हाईवे व शहर की सड़कों पर बेरिकेडिंग हटाने का काम समाप्ति की ओर बढ़ता रहा और दोनों ओर वाहन दौड़ने शुरू हो गए। वहीं नगर पालिका के कर्मचारी शहरी क्षेत्र में शिव चौक, रुड़की रोड, मुख्य बाजार, मीनाक्षी चौक आदि से बेरिकेडिंग हटाने में लगे रहे, ताकि यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा न हो।

## सात किलो विस्फोटक के साथ रॉकेट हमले में मारा गया हानिया

**तेहरान, 3 अगस्त (एजेंसी)।** हमास और ईरान दोनों ने इस्राइल पर इस्माइल हानिया की हत्या करने का आरोप लगाया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाइर्स ने शनिवार को कहा कि फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के नेता हनिया को तेहरान में करीब सात किलोग्राम विस्फोटक के साथ एक कम दूरी के रॉकेट हमले में मौत के घाट उतारा गया। हानिया की हत्या ऐसे समय में हुई है, जब गाजा में इस्राइली सेना के हमले जारी हैं।

रिवोल्यूशनरी गाइर्स ने हानिया की मौत के लिए इस्राइल को दोषी ठहराते हुए कहा कि हमास नेता की हत्या का बदला उचित समय और स्थान पर लिया जाएगा।

# एकल टेंडर आने से फिर से लटका प्लांट शुरू होने का कार्य

## - सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट चलाने का तीसरी बार टेंडर रद्द

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** नगरीय क्षेत्र की कूड़े की समस्या का निदान कराने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से किए प्रयासों को तमाम प्रयासों के बाद गतिरोध का क्रम थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस दिशा में शुरू पहल पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट चलाने को तीसरी बार निकाला टेंडर निरस्त हो गया है। प्लांट चलाने के लिए पालिका को कोई कम्पनी नहीं मिल रही है। इससे पूर्व पालिका दो बार टेंडर निकाल चुकी है। ऐसे में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट न चलने के कारण शहर से प्रतिदिन निकल रहे करीब 300 टन कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जिस कारण मौहल्ला किदवईनगर में प्लांट के पास कूड़े के बड़े पहाड़ बन गए हैं। स्थानीय लोग कूड़े से निकल रही बदबू से परेशान है। नगरीय क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की खातिर करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार किया मौहल्ला किदवईनगर का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट कोई कंपनी न मिल पाने के कारण बदहाल है। प्लांट बीते करीब 3 वर्षो से बंद होने के कारण जहां मशीने कूड़ा हो रही हैं। वहीं कई वाहन समाप्त हो चुके हैं। हालांकि प्लांट को चलाने के लिए नगर पालिका ने लाखों खर्च किए हैं। वहीं दूसरी ओर उक्त प्लांट के बंद होने के कारण शहरी क्षेत्र से प्रतिदिन निकल रहे करीब 300 टन कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा है। प्लांट को चलाने के लिए पालिका पूर्व में 2 बार टेंडर निकाल चुकी है, लेकिन किसी कम्पनी द्वारा निविदा नहीं डाले जाने से तमाम योजनाएं दम तोड़ रही हैं। जिस कारण दो बार टेंडर निरस्त हो चुका है। नगर पालिका ने तीसरी बार टेंडर निकाला था, लेकिन यह टेंडर भी निरस्त हो गया है। इस टेंडर में एकल निविदा प्राप्त होने से बात आगे नहीं बढ़ सकी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि नगर पालिका ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को चलाने के लिए तीसरी बार टेंडर निकाला था, जिसमें एकल निविदा आने के बाद यह टेंडर भी निरस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि प्लांट चलाने के लिए फिर से टेंडर निकाला जाएगा।

## चंडीगढ़ कोर्ट में हत्या: पंजाब पुलिस के पूर्व एआईजी ने दामाद को गोली मारी

**चंडीगढ़, 3 अगस्त (एजेंसी)।** चंडीगढ़ जिला कोर्ट में शनिवार को पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एआईजी मलविंदर सिंह सिद्धू ने अपने दामाद दिल्ली में तैनात आईआरएस ऑफिसर हरप्रीत सिंह को गोली मार दी। पूर्व अधिकारी द्वारा जिला फैमिली कोर्ट परिसर में करीब पांच गोलियां चलाई गई जिसमें से दो उसके दामाद को लगी जबकि एक गोली मीडिएशन वाले कमरे के दरवाजे पर लगी। चंडीगढ़ कोर्ट में शनिवार को पंजाब पुलिस के रिटायर एआईजी ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। इसी मामले में दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे। आरोपी की पहचान रिटायर एआईजी मालविंदर सिंह सिद्धू के तौर पर हुई है। मरने वाला दामाद हरप्रीत सिंह कृषि विभाग में आईआरएस था।

दुकान बिकाऊ है

शहर के प्रसिद्ध बाजार आलू मण्डी (सुल्टीन गंज) में दाल-चावल किरयाना, मेवे एवं कन्फैक्शनरी व्यापार हेतु दुकान बिकाऊ है। होल-सैल एवं रिटेल के लिए उपयुक्त

सम्पर्क करें-
9411038031

रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं देहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री अनिल कुमार सिंघल जी (बसेड़े वाले) पुत्र स्व० लाला रमेश चन्द्र जी
का स्वर्गवास दिनांक 23 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी आज दिनांक 04 अगस्त 2024, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।


-: कार्यक्रम :-
हवन..........10 .00 बजे प्रातः
निज निवासः 91 बी, नई मण्डी, वकील रोड, मुजफ्फरनगर
ब्रह्मभोज..........12.00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ..........3.00 बजे दोपहर
स्थानः- आशीर्वाद बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार
(निकट जानसठ पुल), नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
श्रीमति किरण बाला (धर्मपत्नी)
कुमार गौरव सिंघल-श्रुति सिंघल ( पुत्र-पुत्रवधु)
विभोर गुप्ता-निधि गुप्ता (दामाद-पुत्री)
कृष्ण मोहन सिंघल-सोनिया सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
आराध्या (पौत्री), आरूष, शुभ (पौत्र), देवांश, शिवांश (धेवते) एवं समस्त बसेड़ा परिवार
Mob.: 9999793113, 7351089000

-: प्रतिष्ठानः-
RICEMAN INDIA PVT. LTD.
DELHI- HARYANA

शोक संदेश

ॐ शांति ॐ शांति



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
श्री निखिल जैन ( सुपुत्र श्री राजकुमार जैन- राजबाला जैन)
दिनांक 30 जुलाई 2024, दिन मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गए हैं।
उनकी तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी आज दिनांक 4 अगस्त 2024, दिन रविवार
समय- दोपहर 2 बजे स्थान अर्पण बैंकट हॉल, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

-: शोकाकुल परिवार :-
संगीता जैन- रवि जैन (बहन- बहनोई)
सपना जैन-संजीव जैन (बहन-बहनोई)
आकांक्षा जैन-प्रियांक जैन (भांजी-दामाद)
महक जैन, सुरभी जैन, पलक जैन (भांजी)
श्रीमती दीप्ति जैन (धर्मपत्नी)
संस्कार जैन, विभोर जैन (पुत्र)
संजीव जैन-अमिता जैन (भाई-भाभी)
रजत जैन, श्रुति जैन (भतीजा-भतीजी)

-: प्रतिष्ठान :-
गोयल संस, G-10 भगत सिंह रोड, तहसील परिसर
गोयल इलेक्ट्रिक कम्पनी, 72 अग्रवाल मार्केट, निकट महावीर चौक
निवास स्थानः 67- प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर
Mob:. 9412507088, 8630665578, 9675123138, 9411895722

रस्म पगड़ी

कबीरा जब हम आये जगत में, जग हंसा हम रोए।
ऐसी करनी कर चले, हम हंसे जग रोए।।



श्रीमति शकुन्तला रानी
(1931-2024)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी श्रीमती शकुन्तला रानी जी (पत्नी स्व. श्री महेश चन्द भगत जी) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर बुधवार, 24 जुलाई 2024 को प्रभु चरणों में लीन हो गई हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी सोमवार , 5 अगस्त 2024 को दोपहर 2 से 3 बजे होनी निश्चित हुई है।

स्थानः गाँधी कॉलोनी, बारात घर पवेण्डा रोड, गाँधी कॉलोनी- मुजफ्फरनगर

शोकाकुल
प्रताप शंकर - सुनीता (पुत्र-पुत्रवधु), नरेन्द्र- अंजली (पुत्र-पुत्रवधु)
विजय आहूजा (पुत्री),
सुनीता-सुशील राजदेव (पुत्री-दामाद), सुमना- सुधीर मटरेजा (पुत्री-दामाद)
साक्षी- नवनीत (पौत्री-दामाद), अर्चित- दिव्या (पौत्र-पौत्रवधु)
निष्ठा(पौत्री), दिवित (पड़पौत्र)

प्रतिष्ठान
मै. मोहन लाल महेश चन्द
निवास:- गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
Mob:.79066-66164, 98974-62703, 98972-91190

HAPPY HOME PUBLIC SCHOOL
A Co-education English Medium School
Campus 1 : Gaushala Shamli Road, Muzaffarnagar
Campus 2 : Near Shani Dham Mandir, Charthaval Road, Muzaffarnagar, Mobile : 7017951446

VACANCY
Fresher/Experienced Male / Female candidates may apply to teach English/Science/Math to Classes I to Xth.
Teacher for Play/Nursery Classes also apply.
2 Peon Recruitment
Contact From 08:00 AM to 2:00 PM
with self written application

# डेंगू-मलेरिया रोकथाम को सक्रिय हुआ स्वास्थ्य विभाग

## - शहरी क्षेत्र में 48 लोगों की टीम के जिम्मे रहेगा काम

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** कांवड़ यात्रा मेले के अब सकुशल संपन्न होने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग बीमारियों के निदान की ओर अग्रसर होने लगा है। जिले में बरसात के बाद डेंगू व मलेरिया के मरीजों की बढ़ती संख्या की रोकथाम के लिए जिले में तेजी से कार्य शुरू हो जाएगा। इस कड़ी में शहरी क्षेत्रों में काम करने के लिए 48 कर्मचारियों की टीम गठित की है, जो घर-घर जाकर डेंगू व मच्छर के लार्वा का नष्ट करेगा, वहीं डेंगू और मलेरिया की बीमारी से रोकथाम के लिए भी लोगों में जागरूकता फैलाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग लखनऊ के निर्देशों का पालन करते हुए सीएमओ दफ्तर में जनपद में डेंगू-मलेरिया से लड़ने के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया है। इसके लिए मलेरिया विभाग ने आउटसोर्स पर 48 लोगों को भर्ती कर टीम गठित की है, जो मलेरिया विभाग के अधिकारियों और निरीक्षकों की निर्देश में काम करेंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जनपद की 8 नगर पंचायतों के साथ मुजफ्फरनगर व खतोली नगरपालिकाओं में 48 कर्मचारियों की टीम काम करेगी। इन कर्मचारियों को घर-घर जाकर डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना है। वहीं घरों में जलभराव को खत्म कराकर उनमें पनपे डेंगू के लार्वा को भी नष्ट करना रहेगा। सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने बताया कि बरसात के बाद अब डेंगू-मलेरिया को बढ़ने से बचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे में 48 लोगों की टीम जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की योजना के तहत जनपद में लार्वा नष्ट करने के साथ जागरूकता भी फैलाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर देहात क्षेत्रों में यह काम आशाएं करेंगी।

